5	Equity Share Capital (Face Value Rs.1/- per share)	37,744.37	37,744.37	37,744.37	37,744.37	37,744.37	37,744.37
6	Reserves excluding Revaluation reserves (i.e. Other equity)						5,726.98
7	Earning Per Share (Basic)	(0.002)	(0.002)	(0.002)	(0.006)	(0.007)	(0.010)
8	Earning Per Share (Diluted)	(0.002)	(0.002)	(0.002)	(0.006)	(0.007)	(0.010)

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchanges websites www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.mpsinfotec.com.
2. **2. The key standalone financial information are as under:**

Particulars	Quarter Ended 31-Dec-23 Un-audited	Quarter Ended 30-Sep-23 Un-audited	Quarter Ended 31-Dec-22 Un-audited	Nine Months Ended 31-Dec-23 Un-audited	Nine Months Ended 31-Dec-22 Un-audited	Financial Year Ended 31-Mar-23 Audited
Total revenue from operations	12.28	20.93	12.77	43.95	39.29	153.99
Profit before tax	(94.43)	(91.09)	(119.75)	(280.57)	(373.47)	(504.50)
Profit after tax	(82.81)	(79.43)	(104.18)	(245.69)	(326.75)	(440.38)

3. The above results have been reviewed and recommended to the Board of Directors by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at its meeting held on February 14, 2024.

For MPS Infotecnics Limited
Sd/-
Mr. Peeyush Kumar Aggarwal
Managing Director
Place : New Delhi
Date : 14/02/2024 **DIN:00090423**

TAYO ROLLS LIMITED

Registered Office : 3, Circuit House Area (North-East), Road No-11, Bistupur, Jamshedpur - 831 001, INDIA
Corporate Identity Number : L27105JH1968PLC000818

EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTH ENDED 31ST DECEMBER, 2023

Rs. In Lakhs

Sr No	Particulars	Quarter ended 31.12.2023 Unaudited	Quarter ended 30.09.2023 Unaudited	Quarter ended 31.12.2022 Unaudited	Nine Month ended 31.12.2023 Unaudited	Nine Month ended 31.12.2022 Unaudited	Year ended 31.03.2023 Audited
1	Total income	-	-	-	-	-	-
2	(Loss) for the period (before tax and exceptional items)	**(83)**	**(84)**	**(87)**	**(250)**	**(261)**	**(344)**
3	(Loss) for the period after tax (after exceptional items)	**(83)**	**(84)**	**(87)**	**(250)**	**(261)**	**(344)**
4	Other comprehensive income/(loss) for the period	-	-	-	-	-	-
5	Total comprehensive (loss) for the period	**(83)**	**(84)**	**(87)**	**(250)**	**(261)**	**(344)**
6	Equity share capital	**1,026**	**1,026**	**1,026**	**1,026**	**1,026**	**1,026**
7	Other equity	-	-	-	-	-	**(49,439)**
8	Paid-up equity share capital (Face value : Rs.10 per share)	-	-	-	-	-	-
	Basic :	**(0.81)**	**(0.82)**	**(0.85)**	**(2.44)**	**(2.55)**	**(3.36)**
	Diluted:	**(0.81)**	**(0.82)**	**(0.85)**	**(2.44)**	**(2.55)**	**(3.36)**

Note:
a)The above is an extract of the detailed format of Quarterly/nine months/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
b)The Board of Directors had referred the Company to the Board for Industrial and Financial Reconstruction (BIFR) as required under the First proviso of section 15 (1) of The Sick Industrial Companies (Special Provisions) Act, 1985 and the Company is registered with BIFR on 23 March, 2016. Meanwhile, the Ministry of Finance issued Notifications S.O. 3568 (E) & S.O. 3569 (E) dated 25 November, 2016 to the effect that SICA has been repealed with effect from 1 December, 2016 and all the references or inquiry pending before the BIFR and/ or AAIFR shall stand abated. The Board of Directors at their meeting held on 3 July, 2017 had decided to refer the Company to the Honorable National Company Law Tribunal (NCLT) Bench Kolkata under Section 10 of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 (IBC) for initiation of Corporate Insolvency Resolution Process (CIRP). Subsequently, on 13 July, 2017, the Company has filed relevant application before the Honorable NCLT Bench , Kolkata under Section 10 of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016. The Workers of the Company, in the capacity of operational creditor had also filed an application before the HonorableTribunal Kolkata under Section 9 of the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), 2016 seeking initiation of CIRP. Both appeals were rejected by the Tribunal. The Company and the workers had separately filed appeal before the Honorable National Company Law Appellate Tribunal against the rejection order passed by the Honorable Tribunal. The Honorable Appellate Tribunal allowed the appeal filed by the Company and the Workers. However, it has directed the Tribunal at Kolkata to admit the appeal filed by the Workers.
The Corporate Insolvency Resolution Process (CIRP) has been initiated against the Company vide an order passed by Honorable NCLT Kolkata dated 05.04.2019.Pursuant to this order, the powers of the Board of Directors stands suspended and were exercisable by Mrs. Vinita Agrawal, the Interim Resolution Professional (IRP) appointed by the Honorable NCLT Bench, Kolkata who was consequently confirmed to continue as the Resolution Professional (RP) by the Committee of Creditors (CoC). Consequent to the petition filed by COC, the Honorable NCLT Bench, Kolkata , passed an order on 30th October, 2019 and appointed Mr. Anish Agarwal (IP Registration No.: IBBI/IPA-001/IP-P-01497/2018-2019/12256) as Resolution Professional in place of Mrs. Vinita Agrawal (the erstwhile Resolution Professional)
c)The Company has incurred a loss of Rs. 83.03 lakhs during the quarter ended on 31st December, 2023 and accumulated losses as on reporting date amounting to Rs. 55231.

पृष्ठ 1 के शेष

चुनावी बॉन्ड ...

की घोषणा की थी। इसमें अकेले भाजपा को 719.85 करोड़ रुपये मिले थे और कांग्रेस को 79.92 करोड़ रुपये मिले थे। यह मामला शीर्ष अदालत में आठ साल से अधिक समय से लंबित था और इस पर सभी निगाहें इसलिए भी टिकी थीं, क्योंकि इस मामले का नतीजा साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों पर बड़ा असर डाल सकता है। इस मामले पर सुनवाई शुरू होने से पहले भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने इस योजना का समर्थन करते हुए शीर्ष अदालत से कहा था कि यह योजना राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले चंदों में साफधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देती है। अटॉर्नी जनरल ने तर्क दिया था कि नागरिकों को उचित प्रतिबंधों के अधीन हुए बिना कुछ भी और सब कुछ जानने का सामान्य अधिकार नहीं हो सकता है। इस बात का संदर्भ उस तर्क से जुड़ा हुआ है, जिसके तहत ये मांग की जा रही है कि राजनीतिक पार्टियों को ये जानकारी सार्वजानिक करनी चाहिए कि उन्हें कितना धन चंदे के रूप में किससे मिला है।

संदेशखाली में तनाव पैदा करने ...

भयानक साजिश चल रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। वहां टारगेट एसके शाहजहां था। ईडी ने सबसे पहले शाहजहां को निशाने पर लिया। भाजपाइयों ने भी बनर्जी की सरकार को घेरा। संदेशखाली में (आरएसएस) के बंकर हैं। वहां, पहले भी दंगे हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल के संदेशाखली में टीएमसी कार्यकर्ताओं पर महिलाओं के साथ यौन अत्याचार के आरोप लगे। मामले में अब मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ निशाना साधा है। बंगाल की विधानसभा में उन्होंने कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। बीजेपी पर आरोप लगाकर ममता ने कहा कि संदेशखाली में बीजेपी बाहर से लोगों को ला रही है। इस मामले में हमारी सरकार ने एक्शन लेकर एक कमेटी बनायी है। केंद्र पर निशाना साधकर ममता ने कहा कि दिनाजपुर में बीएसएफ की लापरवाही के कारण चार बच्चों की मौत हो गयी। लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी जांच के लिए अपनी कोई टीम नहीं भेजी। क्या केंद्र सरकार इस सवाल का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि बीएसएफ का काम सीमा की निगरानी करना है, बीजेपी कार्यकर्ताओं की तरह काम करना नहीं। यहां बीजेपी के कैंपों पर बीएसएफ तैनात है।

सरकार-किसान वार्ता ...

फरवरी को खेड़ी चौपटा में इकट्ठा होकर पंजाब के किसानों के समर्थन में खनौरी बॉर्डर के लिए रवाना होंगे। हालांकि पुलिस ने धारा 144 का हवाला देकर इस महापंचायत को जल्दी बंद करा दिया। वहीं, देशभर के किसान संगठनों द्वारा 16 फरवरी को भारत बंद की घोषणा की गयी है। किसान बेरोजगारी जैसे मुद्दों के साथ-साथ जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ते हुए एमएसपी पर गारंटी जैसे अधिकार भी मांग रहे हैं।

रायबरेली के साथ हमारे रिश्ते की जड़ें ...

परिवारीजन, नमस्कार! मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर-आप लोगों से मिलकर पूरा होता है। यह नेह-नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। सोनिया ने पत्र में लिखा, 'रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास श्रीमती इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गयी।'सोनिया गांधी ने पत्र में आगे लिखा, 'इसी रोशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवन साथी को हमेशा के लिये खोकर मैं आपके पास आयी और आपने अपना आंचल मेरे लिये फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।'सेनिया ने पत्र के आखिरी पैरा में लिखा, 'अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन यह तय है कि मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे, जैसे अब तक संभालते आये हैं। बड़ों को प्रणाम, छोटों को स्नेह। जल्द मिलने का वादा। आपकी, सोनिया गांधी

मंदी की चपेट में जापान

नई दिल्ली, 15 फरवरी (ईएमएस)। जापान की अर्थव्यवस्था लगातार दो तिमाहियों में सिकुड़ने के बाद मंदी की चपेट में आ गयी है। इस कारण उसकी इकोनॉमी दुनिया में तीसरे नंबर से चौथे नंबर पर पहुंच गई है। जर्मनी अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है। जापान इस समय कमजोर करंसी, बढ़ती उम्र और घटती आबादी से जूझ रहा है। इससे पहले 2010 में चीन की अर्थव्यवस्था बढने के कारण जापान दूसरे से तीसरे नंबर पर आ गया था। दुनिया में पहले नंबर पर अमेरिका की इकोनॉमी है। जापान के कैबिनेट ऑफिस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश की जीडीपी 2023 के आखिरी तीन महीनों में एक साल पहले की तुलना में उम्मीद से ज्यादा 0.4 प्रतिशत सिकुड़ी है। उससे पहले की तिमाही में इकोनॉमी 3.3 प्रतिशत सिकुड़ी थी। लगातार दो तिमाहियों में अगर किसी भी देश की इकोनॉमी सिकुड़ती है तो टेक्निकली उसे मंदी माना जाता है। अक्टूबर में, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने अनुमान लगाया था कि जर्मनी दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी बन सकती है। अर्थशास्त्री नील न्यूमैन के अनुसार नए आंकड़े बताते हैं कि 2023 में जापान की अर्थव्यवस्था लगभग 4.2 ट्रिलियन डॉलर रही, जबकि जर्मनी की अर्थव्यवस्था 4.5 ट्रिलियन डॉलर रही है।

दिल्ली हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

नयी दिल्ली, 15 फरवरी (ईएमएस)। दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक ईमेल के द्वारा बम से उड़ाने की धमकी दी गयी। दिल्ली हाईकोर्ट के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है, यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जायेगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेकर प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच कराने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट सौंपने की मांग की है।

यू0पी0 स्टेट यार्न कम्पनी लिमिटेड
1–स्मिथ स्क्वायर, 14/72 सिविल लाइन्स कानपुर– 208001
सार्वजनिक सूचना
कम्पनी की मेजा (प्रयागराज), बांदा, रसड़ा (बलिया), जौनपुर एवं मुख्यालय, कानपुर के समस्त पूर्व कार्मिकों एवं अन्य समस्त लेनदारों को सूचित किया जाता है कि वे कम्पनी पर अपने बकाया यदि कोई है, के भुगतान हेतु अपना प्रार्थना पत्र जिसमें इम्प्लाइज कोड, बैंक खाता संख्या, आई. एफ.एस. कोड, मोबाइल नम्बर, पता लिखा हो, आवश्यक दस्तावेज जैसे बैंक पास बुक, आधार कार्ड, ई.पी.एफ. पर्ची / पी.पी.ओ. संख्या एवं बकाये से सम्बन्धित आवश्यक साक्ष्यों सहित इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के 10 दिनों के अन्दर इस कार्यालय का उपलब्ध करा दें, ताकि परीक्षणोपरान्त एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत भुगतान की आवश्यक कार्यवाही जा सके।
सहायक लेखा अधिकारी

NCHMCT National Council For Hotel Management And Catering Technology (An Autonomous Body Under Ministry of Tourism, Govt. of India)
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी National Testing Agency Excellence in Assessment
एनसीएचएम जेईई 2024
बी.एससी (एचएचए)
पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.03.2024
परीक्षा की तिथि 11.05.2024
ऑनलाइन आवेदन करें
https://nta.ac.in/
https://exams.nta.ac.in/NCHM/
109 शहरों में परीक्षा केंद्र
CBC 21354/12/0014/2324

जयके एंटरप्राइजेज लिमिटेड
JKE
CIN: L55101UP1961PLC001187
पंजीकृत कार्यालय: कमला टावर, कानपुर-208001
टेलीफोन: +91 512 2371478-81, ईमेल: cs@jaykayenterprises.com;
वेब: www.jaykayenterprises.com
पोस्टल बैलट सूचना
जेके एंटरप्राइजेज लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 और धारा 110 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के साथ पठित, विनियमन 44 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सेबी लिस्टिंग विनियम") के अन्य लागू प्रावधान और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी, सामान्य परिपत्र संख्या क्रमांक 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, क्रमांक 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, क्रमांक 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, क्रमांक 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, क्रमांक 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, क्रमांक 39/2020, 31 दिसम्बर 2020, क्रमांक 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021, क्रमांक 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, क्रमांक 20/2021 दिनांक 8 दिसम्बर 2021, क्रमांक 03/2022 दिनांक 5 मई 2022, क्रमांक 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 और क्रमांक 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए परिपत्रों") द्वारा जारी सामान्य परिपत्रों के निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार और भारतीय कंपनी सचिवों के संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक ("एसएस-2") और अन्य लागू प्रावधान, जिसमें कोई भी वैधानिक संशोधन या उसका पुन: अधिनियमन शामिल है और फिलहाल लागू है, कंपनी आम बैठकें /पोस्टल बैलट प्रक्रिया ई-वोटिंग के माध्यम से आयोजित करेगी। कंपनी निम्नलिखित विशेष व्यवसाय के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ("ई-वोटिंग") के माध्यम से पोस्टल बैलेट के माध्यम से सदस्यों की मंजूरी चाहती है, जैसा कि 06 फरवरी 2024 के पोस्टल बैलेट नोटिस में व्याख्यात्मक विवरण के साथ निर्दिष्ट है :

क्र.सं.	विषय का विवरण	संकल्प का प्रकार
1.	कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में श्री अभिषेक सिंघानिया (DIN:00087844) की पुन: नियुक्ति।	साधारण संकल्प

उपरोक्त एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, पोस्टल बैलेट की सूचना गुरुवार, 15 फ़रवरी 2024 को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कंपनी या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('डीपी') के साथ या कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के साथ कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024. तक पंजीकृत हैं। पोस्टल बैलेट की सूचना कंपनी की वेबसाइट यानी www.jaykayenterprises.com, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। जिन सदस्यों को नोटिस नहीं मिला है, वे इसे उपरोक्त वेबसाइटों से डाउनलोड कर सकते हैं।
जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि पर सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामी की सूची में दर्ज है, उसे ही ई-वोटिंग के लिए पात्र माना जाएगा। नोटिस का कोई भी प्राप्तकर्ता जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार कंपनी का सदस्य नहीं था, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए।
कंपनी के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि:
1. सदस्यों के मतदान अधिकार की गणना शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024. को कट-ऑफ तिथि पर उनके द्वारा रखे गए इक्विटी शेयरों के अनुपात में की जाएगी।
2. कंपनी ने नोटिस में निर्धारित संकल्प पर अपने सभी सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की सेवाएं ली हैं। पोस्टल बैलेट नोटिस में ई-वोटिंग के निर्देश विस्तार से दिए गए हैं।
3. रिमोट ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024. को सुबह 9:00 बजे (IST) शुरू होगी और शनिवार, 16 मार्च 2024 को शाम 5:00 बजे (IST) समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और अवधि समाप्त होने पर सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को तुरंत अक्षम कर दिया जाएगा।
4. कंपनी ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया की जांच करने के लिए पूर्णकालिक प्रैक्टिस में कंपनी सचिव सीएस वरुणा मित्तल, सदस्यता संख्या एसीएस 57727 और प्रैक्टिस प्रमाणपत्र संख्या 23575 है, को संवीक्षक नियुक्त किया है।
स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के साथ ई-वोटिंग के परिणाम ई-वोटिंग के समापन के 2 कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे और कंपनी की वेबसाइट यानी www.jaykayenterprises.com और सीडीएसएल की वेबसाइट यानी wwwevotingindia.com पर रखे जाएंगे। परिणाम बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पोर्टल यानी www.evotingindia.com पर भी अपलोड किए जाएंगे। कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर स्क्रूटिनाइज़र रिपोर्ट के साथ ई-वोटिंग का परिणाम भी प्रदर्शित करेगी।
यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप सहायता अनुभाग के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं या आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिखें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।
इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर पटेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को संबोधित की जा सकती हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।
बोर्ड की आज्ञानुसार
कृते जयके एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
योगेश शर्मा
दिनांक: 15 फ़रवरी, 2024
स्थान: नई दिल्ली
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या एसीएस 29286

नगर विकास सहकारी बैंक लि0
पंजीकृत कार्यालय–162, रेलवे गंज, हरदोई–241001
कब्जा नोटिस (चल/अचल सम्पत्ति के लिए)
सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकांस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट आफ सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट एक्ट 2002 (the Securitisation & Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security interest Act, 2002) की धारा 13 (12) के साथ पठित सेक्योरिटी इन्ट्रेस्ट (इनफोर्समेंट) नियमावली 2002 के नियम 8 एवं 9 में प्रदत्त भाक्तियों का प्रयोग करते हुये खातों के सामने उल्लिखित तिथियों को बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिनमें कहा गया था कि उक्त नोटिस के 60 दिन के भीतर बकाया राशि को चुकता कर दें। ऋणी/गारन्टर द्वारा बकाया राशि चुकता न कर सकने पर एतद्द्वारा ऋणी/गारन्टर एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने खाते के सामने उल्लिखित तिथियों से उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ नियम 8 एवं 9 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे उल्लिखित सम्पत्ति पर प्रतीकात्मक कब्जा कर लिया है। ऋणी/गारन्टर को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्तियों का किसी भी प्रकार से संव्यवहार न करें। सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार नगर विकास सहकारी बैंक लि0 को देय राशि व उस पर देय ब्याज व अन्य व्यय प्रभार के शर्तो के आधीन होगा।
सम्पत्तियों का विवरण जिस पर सांकेतिक/प्रतीकात्मक कब्जा किया गया है।

क्र. सं.	बकायेदार/जमानतकर्ता का नाम व पता और प्रतिभूति समझौता के साथ प्रतिभूति का संक्षिप्त विवरण/एन.पी.ए तिथि एवं डिमांड नोटिस में बकाया धनराशि एवं कब्जा नोटिस तिथि
1.	**बकायेदार**– मो मेराज पुत्र मो इजाज, निवासी मकान नंबर 102 योगेश पैलास नुमाइश पुरवा, जिला–हरदोई जमानतकर्ता–1. श्रीमती नसीमा बानो पत्नी इजाज अहमद, निवासी–मोहल्ला लोहानी पिहानी देहात, तहसील–साहाबाद, जिला–हरदोई 2. मोहम्मद फूल मियां पुत्र अजाज मोहम्मद, निवासी मकान नंबर 102, योगेश पैलास नुमाइश पुरवा, जिला–हरदोई 3. मो0 एजाज अंसारी पुत्र नजीर अहमद अंसारी, निवासी–मोहल्ला लोहानी पिहानी देहात, तहसील–साहाबाद, जिला–हरदोई। **एन.पी.ए तिथि– 30.09.2023 डिमांड नोटिस तिथि– 07.11.2023 कब्जा नोटिस तिथि– 08.02.2024** **1. सम्पत्ति :** संपत्ति का साम्यिक बंधक, गाटा संख्या 1905 एमआई, स्वामित्व विलेख – 1–14422 भूमि का रकबा – 164.21 वर्गमीटर। बही स0 – 1 जिल्द स0 – 12300 के पृष्ठ 181 से 196 तक क्रमांक 14422 दिनांक 22–10–2021 एवं गाटा संख्या 1905 एमआई, स्वामित्व विलेख– 1–14428 भूमि का क्षेत्रफल– 158.92 वर्गमीटर। बही स0 – 1 जिल्द स0 – 12300 के पृष्ठ 271 से 286 तक क्रमांक 14428 पर दिनांक 22–10–2021 संपत्ति का पता– तत्योरा, परगना–बावन तहसील–हरदोई जिला–हरदोई में स्थित है। **2** .संपत्ति का साम्यिक बंधक, – भूमि का क्षेत्रफल – 120.30 वर्गमीटर। बही स0 – 1 जिल्द स0 – 185 के पृष्ठ 383 से 400 तक क्रम संख्या 3090 दिनांक 17–08–1998, संपत्ति का पता– मोहल्ला लोहानी पिहानी, परगना–पंडरवा तहसील– साहाबाद, जिला–हरदोई में स्थित है। **रुपये– 17,67,993.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे।**
2.	**बकायेदार**– श्री ब्रिजेश सिंह पुत्र शिवपाल सिंह, निवासी 210 लोनार, जिला–हरदोई जमानतकर्ता–1.. गारंटर– श्री सुशील कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह, निवासी। लोनार सकरा, जिला–हरदोई। **एन.पी.ए तिथि– 31.12.2022 डिमांड नोटिस तिथि–10.03.2023 कब्जा नोटिस तिथि– 08.02.2024** **सम्पत्ति :** संपत्ति का पंजीकृत बंधक, खतौनी संख्या 00362– खसरा संख्या 457/0.900 हेक्टेयर, 500/0.3830 हेक्टेयर, 1085/0.4960 हेक्टेयर, भूमि का कुल क्षेत्रफल 1.779 हेक्टेयर। लोनार, परगना–बरवान तहसील एवं जिला–हरदोई में स्थित है। **रुपये–1,57,806.00 + ब्याज एवंअन्य खर्चे।**
3.	बकायेदार– श्री.ब्रजेश कुमार सिंह पुत्र श्री भोदे सिंह पता–ग्राम एवं पो–परसोला, तह–बिलग्राम, जिला–हरदोई जमानतकर्ता–1.. श्रीमती आशा सिंह पत्नी श्री ब्रजेश कुमार सिंह पता– ग्राम एवं पो–परसोला, तह–बिलग्राम, जिला–हरदोई 2. श्री अमित सिंह पुत्र श्री रमेश सिंह पता– मकान नंबर–266 राम नगरिया, जिला–हरदोई। **एन.पी.ए तिथि– 31.12.2022 डिमांडनोटिसतिथि–10.03.2023 कब्जा नोटिस तिथि– 08.02.2024** **सम्पत्ति–1.** संपत्ति का साम्यिक बंधक, गाटा संख्या–163भूमि का क्षेत्रफल 162 वर्ग मीटर, निकट 750 मीटर कन्नौज रोड, नसरपुर परगना–कन्नौज तहसील एवं जिला–कन्नौज पर स्थित है। **2.** संपत्ति का साम्यिक बंधक, गाटा संख्या–40 भूमि का क्षेत्रफल 121.50 वर्ग मीटर अहमदपुर रौनी परगना–कन्नौज तहसील और जिला–कन्नौज सीमाएँ– पूर्व– अराजी राधेस्याम आदि, पश्चिम– सड़क, उत्तर–भूखंड अनीता, दक्षिण–भूखंड सुनील कुमार। **रुपये–25,28,402.00 + ब्याज एवंअन्य खर्चे।**

स्थान : हरदोई
प्राधिकृत अधिकारी

समाचार सार

भाजपा बताये चुनावी बांड के बदले में क्या बेचा-कांग्रेस

नयी दिल्ली, 15 फरवरी (आज समाचार सेवा)। कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बांड के रूप में गुमनाम राजनीतिक दान की अनुमति देने वाली योजना को रद करने के फैसले के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। कांग्रेस ने भाजपा से पूछा है कि चुनावी बॉन्ड के बदले में उसने क्या बेचा है। आज यहां कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक संवाददाता सम्मेलन में पूछा हम जानना चाहते हैं कि भाजपा ने 'चुनावी बांड' के रूप में प्राप्त 5 हजार 200 करोड़ रुपये के बदले में क्या बेचा है?

युवा लोग भ्रष्टाचार से करते हैं नफरत-धनखड़

नयी दिल्ली, 15 फरवरी (आज समाचार सेवा)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भ्रष्टाचार और संरक्षण युवा नवोन्वेषी दिमागों के सबसे बुरे हत्यारे हैं और ये योग्यता और स्थिरता के विपरीत हैं। साथ ही धनखड़ ने कहा है कि युवा लोग भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं, क्योंकि वे भाई-भतीजावाद और पक्षपात से अपने को ठगा हुआ महसूस करते हैं। आज दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के 125वें संस्थापक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सत्ता गलियारे अब भ्रष्ट तत्वों से पूरी तरह मुक्त कर दिए गए हैं और अब एक पारदर्शी, जवाबदेह प्रणाली स्थापित कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि अब ऐसा समय है, जब योग्यता के आधार पर चीजों के मिलने का बोलबाला है और युवा अपने सपनों की आकांक्षा कर सकते हैं और उनको पूरा भी कर सकते हैं तथा अपनी क्षमताओं का पूरा दोहन कर सकते हैं। धनखड़ ने कहा कि कानून के सामने समानता लोकतांत्रिक शासन के लिए सबसे अपरिहार्य विशेषता है।

भाजपा ने बॉन्ड को कमीशन का जरिया बनाया-राहुल

नयी दिल्ली, 15 फरवरी (आज समाचार सेवा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिए जाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी बॉन्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गयी है। उच्चतम न्यायालय के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। बीजेपी ने चुनावी बॉन्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गयी है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया।

मोदी 19 को लखनऊ में परियोजनाओं की देंगे सौगात

नयी दिल्ली, 15 फरवरी (आज समाचार सेवा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में 19 फरवरी को होने वाले भूमि पूजन समारोह में 60 आईटी परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। उत्तर प्रदेश का चौथा भूमि पूजन समारोह 19-21 फरवरी के बीच आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही राज्य का नोएडा शहर आईटी और इलेक्ट्रोनिक्स के क्षेत्र में विश्व भर में अपनी खास पहचान स्थापित करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री 19 फरवरी को नोएडा को 91 हजार करोड़ रुपये से अधिक की आईटी और इलेक्ट्रानिक सेक्टर में दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं से 91 हजार 457 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने और लगभग 81,424 नौकरियां पैदा होने की संभावना जतायी जा रही है।

टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती का इस्तीफा

कोलकाता, 15 फरवरी (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सांसद मिमी चक्रवर्ती ने स्थानीय नेतृत्व से नाराज होते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सांसद मिमी ने इस्तीफा पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को सौंपा है। अभिनेत्री मिमी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी की टिकट पर जादवपुर सीट से जीत दर्ज की थी। इस्तीफा सौंपने के साथ ही अभिनेत्री सांसद मिमी ने कहा, कि वह अपने लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय पार्टी नेतृत्व से नाखुश हैं। यहां बतलाते चलें कि सांसद मिमी ने अपना इस्तीफा लोकसभा अध्यक्ष को सौंपने की बजाय पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को सौंपा है, इसलिए तकनीकी तौर पर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की है, न कि इस्तीफा जैसे फैसले की घोषणा।

नंद किशोर यादव बिहार विस के नये अध्यक्ष

पटना, 15 फरवरी (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष चुने गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा नये अध्यक्ष को आसन तक ले गये । पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे यादव ने बिहार विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव के एक दिन बाद अध्यक्ष पद के लिएद अपना नामांकन दाखिल किया था। यादव से पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अवध बिहारी चौधरी बिहार विधानसभा के अध्यक्ष थे।

भाजपा के आठवें प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

लखनऊ, 15 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से संजय सेठ को अपना आठवां प्रत्याशी घोषित किया जिसके बाद उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सेठ ने भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने आज पार्टी कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सदस्य संजय सेठ को उच्च सदन के लिए पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा अध्यक्ष चौधरी ने दावा किया कि पार्टी के आठों प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे।

व्यास तहखाने में पूजा मामले में फैसला सुरक्षित

प्रयागराज, 15 दिसम्बर। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी तहखाने में पूजा अर्चना के जिला जज के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की अपील पर गुरुवार को अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने लगभग 40 मिनट तक तर्क प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी के दाहिने हिस्से में तहखाना स्थित है, जहां हिंदू वर्ष 1993 तक पूजा कर रहे थे। सीपीसी के आदेश 40 नियम एक तहत वाराणसी कोर्ट ने डीएम को रिसीवर नियुक्त किया है। पूजा का आदेश किसी तरह से मुस्लिमों के अधिकारों को प्रभावित नहीं करता है क्योंकि मुसलमान कभी तहखाने में नमाज नहीं पढ़ता था।

नेशनल कांफ्रेंस भी अकेले लड़ेगी चुनाव

(सुरेश एस डुग्गर)

जम्मू, 15 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जम्मू कश्मीर के दौरे से पहले अब्दुल्ला परिवार ने एनडीए के साथ हाथ मिलाने के संकेत देते हुए इंडिया गठबंधन से अलग होने की घोषणा कर दी है। नेशनल कांफ्रेंस के डा. फारूक अब्दुल्ला ने प्रदेश में सभी पांच संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। हालांकि राजनीतिक पंडितों का कहना था कि वे अपने बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के लिए आगामी केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान पक्का करने की खातिर एनडीए को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज रहे हैं। जानकारी के लिए उमर अब्दुल्ला पहले भी अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रह चुके हैं।